Seventeenth Loksabha

p>

Title: Proposal to give reception to Nobel Prize winner Professor Abhijeet Vinayak Benerjee in Central Hall in Parliament House.

प्रो. सौगत राय : माननीय अध्यक्ष जी, आप जानते हैं कि प्रोफेसर अभिजीत विनायक बनर्जी को इस साल इकोनोमिक्स में दो और लोगों के साथ नोबल प्राइज़ मिला है । वे कोलकाता में प्रेजीडेंसी कॉलेज, जिसमें मैं भी पढ़ा था और दिल्ली में जवाहर लाल नेहरू युनिवर्सिटी में पढ़े थे । उन्होंने रैंडोमाइज्ड कंट्रोल ट्रायल्स पर रिसर्च की है । यह गरीबों की हालत देखने का सबसे अच्छा सिस्टम है । वे दिल्ली आए थे, माननीय प्रधान मंत्री जी से मिले थे । मैं प्रस्ताव करता हूं कि भारत की सुसंतान को पार्लियामेंट से रिसेप्शन दिया जाए । इससे पहले युसूफ साहब को भी सैंट्रल हॉल में रिसेप्शन दिया गया था । मैं प्रपोज करता हूं कि डॉ. अभिजीत बनर्जी को रिसेप्शन दीजिए, उन्होंने गरीबी के खिलाफ काम किया है ।

माननीय अध्यक्ष: श्रीमती प्रतिमा मंडल, श्री असीत कुमार माल और श्रीमती माला राय को प्रो. सौगत राय द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: अगर माननीय सदस्यों की सहमति हो तो सात बजकर पन्द्रह मिनट तक सदन की कार्यवाही बढ़ा दी जाए?

अनेक माननीय सदस्य: जी हां ।

माननीय अध्यक्ष: सदन की कार्यवाही सात बजकर पन्द्रह मिनट तक बढ़ाई जाती है ।